www.rojgarsamachar.gov.in
www.employmentnews.gov.in

अंग्रेजी एवं उर्दू में भी प्रकाशित
वार्षिक शुल्क : ₹ 530

सत्यमेव जयते

रोज़गार समाचार
साप्ताहिक

खंड 44 अंक 42 पृष्ठ 56 | नई दिल्ली 18 - 24 जनवरी 2020 | ₹ 12.00

# भारतीय रिज़र्व बैंक में कॅरिअर के आगामी अवसर

**आरती एस**

कई लोग संगठित क्षेत्र में काम करना पसंद करते हैं. रोज़गार के दृष्टिकोण से, संगठित क्षेत्र की इकाइयां नियमित रूप से अपनी आवश्यकताओं के अनुसार रिक्तियों को सृजित करती हैं, जिसके लिए योग्यता, नौकरी की आवश्यकताओं, वेतन और चयन प्रक्रिया आदि को अच्छी तरह से परिभाषित किया जाता है. संगठित क्षेत्र के भीतर विभिन्न प्रकार के संगठनों द्वारा विभिन्न प्रकार के अवसर प्रदान किए जाते हैं. इन संगठनों में नियामक आते हैं, जो सरकार द्वारा स्थापित किए जाते हैं. इन नियामकों का काम अनुपालन सुनिश्चित करने और सभी हितधारकों के हितों को सुनिश्चित करना है जिसमें सरकार, निवेश करने वाले व्यक्ति शामिल हो सकते हैं, और निवेशक पूरी तरह से सुरक्षित होते हैं. ये नियामक ज्यादातर स्वतंत्र रूप से काम करते हैं और देश के आर्थिक विकास में योगदान करते हुए निष्पक्ष, पारदर्शी और उचित कारोबारी माहौल बनाने में महत्वपूर्ण योगदान देते हैं.

हमारे देश में भारतीय रिज़र्व बैंक पूरे बैंकिंग व्यवसाय के लिए केंद्रीय बैंक और नियामक है. इसकी स्थापना 1 अप्रैल, 1935 को हुई थी और इसका मुख्यालय मुंबई में है. इसमें 27 क्षेत्रीय कार्यालय हैं, जिनमें से अधिकांश राज्य की राजधानियों में हैं और 4 उप-कार्यालय हैं. इसके प्रधान कार्यालय में विभिन्न विभाग हैं. उनमें से उल्लेखनीय विभाग बैंकिंग परिचालन और पर्यवेक्षण, बाह्य निवेश और प्रचालन, सांख्यिकी और सूचना प्रबंधन, मौद्रिक नीति, भुगतान और निपटान प्रणाली आदि हैं.

भारतीय रिजर्व बैंक वित्त मंत्रालय, भारत सरकार, प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड, राष्ट्रीय भारतीय भुगतान निगम आदि के साथ निकट समन्वय में काम करता है.

अपने कार्यों के प्रबंधन के लिए भारतीय रिजर्व बैंक को विभिन्न संवर्गों में लोगों की आवश्यकता होती है. प्रवेश स्तर के पदों में ग्रेड ए अधिकारी, जिन्हें, सामान्य और विशेषज्ञता-पूर्ण विषयों/पदों में लिया जाता है और सहायक जो लिपिक पदों पर काम करते हैं शामिल होते हैं. भारतीय रिजर्व बैंक उपरोक्त पदों पर समय-समय पर भर्ती करता है. हाल ही में भारतीय रिजर्व बैंक ने सहायक और सहायक प्रबंधक (राजभाषा) सहित विभिन्न पदों के लिए अपनी आवश्यकताओं की घोषणा की है.

किसी भी विषय में आवश्यक प्रतिशतता और निर्धारित आयु समूह वाले व्यक्ति सहायकों के पदों के लिए आवेदन करने के लिए पात्र हैं. पात्रता मानदंडों को पूरा करने वाले व्यक्तियों को चयन प्रक्रिया में उपस्थित होने की अनुमति दी जाएगी, जिसमें नीचे दिए गए अनुसार तीन चरण शामिल हैं.

**प्रारंभिक परीक्षा:** प्रारंभिक परीक्षा में अंग्रेजी भाषा, संख्यात्मक क्षमता, रीजनिंग

क्षमता के क्रमशः 30, 35 और 35 प्रश्न होंगे और तीन खंडों में इतने ही अंक होंगे. इसलिए प्रारंभिक परीक्षा के लिए कुल अंक 100 हैं और पेपर को 60 मिनट में हल करना होता है जिसमें प्रत्येक खंड को 20 मिनट आवंटित किए जाते हैं.

**मुख्य परीक्षा:** मुख्य परीक्षा में पांच खंड होंगे अर्थात् रीजनिंग, अंग्रेजी भाषा, संख्यात्मक क्षमता, सामान्य जागरूकता और कंप्यूटर ज्ञान का परीक्षण. रीजनिंग, अंग्रेजी और संख्यात्मक क्षमता में से प्रत्येक के लिए 30 मिनट का समय होगा जबकि सामान्य जागरूकता और कंप्यूटर ज्ञान को क्रमशः 25 और 20 मिनट का समय आवंटित किया गया है. प्रत्येक खंड में प्रत्येक 1 अंक के 40 प्रश्न होंगे और इन खंडों के कुल 200 अंक होंगे. कुल समय 135 मिनट होगा. केवल प्रारंभिक परीक्षा में अपनी योग्यता के आधार पर चयनित उम्मीदवार ही मुख्य परीक्षा में उपस्थित होने के लिए पात्र होंगे.

**भाषा प्रवीणता परीक्षा:** मुख्य परीक्षा में अपने स्कोर के आधार पर चुने गए उम्मीदवारों को एक भाषा प्रवीणता परीक्षा देनी होगी. भाषा उस राज्य से संबंधित होगी जिसके लिए उम्मीदवार ने आवेदन किया है. विभिन्न राज्यों के लिए निर्धारित भाषाओं को जानने के लिए आप निम्नलिखित चार्ट देख सकते हैं :-

- अहमदाबाद - गुजराती
- बंगलुरू - कन्नड़
- भोपाल - हिंदी
- भुवनेश्वर - उड़िया
- चंडीगढ़ - पंजाबी / हिंदी
- चेन्नै - तमिल
- गुवाहाटी - असमिया / बांग्ला / खासी / मणिपुरी / बोडो / मिजो
- हैदराबाद- तेलुगु
- जयपुर - हिंदी
- जम्मू - उर्दू / हिंदी / कश्मीरी
- कानपुर और लखनऊ - हिंदी
- कोलकाता - बांग्ला / नेपाली
- मुंबई - मराठी / कोंकणी
- नागपुर - मराठी / हिंदी
- नई दिल्ली - हिंदी
- पटना - हिंदी / मैथिली
- तिरुवनंतपुरम - मलयालम

भाषा प्रवीणता परीक्षा उत्तीर्णता प्रकृति की होती है.

अब भा.रि.बैं. सहित सरकारी बैंकों में लिपिक पद पर भर्ती के लिए कोई व्यक्तिगत साक्षात्कार नहीं होता है.

**तैयारी के लिए पाठ्यक्रम कवरेज को समझना :** चूंकि परीक्षण तीन भागों में विभाजित है, आपको प्रत्येक के लिए तैयारी करनी है, एक के बाद दूसरे की तैयारी से आप विभिन्न प्रक्रियाओं में सफल होते हैं. यह समझने के लिए बहुत सरल है कि प्रारंभिक परीक्षा उत्तीर्ण किए बिना कोई भी 'मुख्य परीक्षा में नहीं बैठ सकता और इस तरह पहला उद्देश्य प्रारंभिक परीक्षा की मेरिट सूची में आपका अच्छा स्थान होना चाहिए. इसके अलावा, आप पाएंगे कि प्रारंभिक और मुख्य परीक्षा- दोनों में तीन विषय सामान्य हैं. इसका अर्थ है कि आपको मुख्य परीक्षा के लिए नए सिरे से तैयारी नहीं करनी होगी. आपको पहले की तैयारी को दोहराना एवं अद्यतन करना होगा. अलग-अलग खंडों में नीचे दिए गए विषयों से प्रश्न होंगे :-

रीजनिंग खंड में नंबर सीरीज़, पारिवारिक रिश्ते, ऑडमेन आउट, पंक्ति व्यवस्था, प्रतीक, समझ विवरण और इन पर आधारित निष्कर्ष आदि हो सकते हैं.

मात्रात्मक योग्यता खंड में आमतौर पर औसत, संभावना, प्रतिशतता, संख्या प्रणाली, समय और कार्य, ट्रेन और नाव की गति की गणना, सरल और चक्रवृद्धि ब्याज, समय और दूरी आदि पर सवाल शामिल होते हैं.

अंग्रेजी भाषा की परीक्षा में समानार्थी शब्द, विलोम, वाक्य में गलतियां खोजना, शब्द का अर्थ, टूटे हुए वाक्यों की व्यवस्था, एक्टिव/पैसिव वॉइस, वाक्य पूरा करना, मुहावरों की समझ आदि शामिल होंगे.

जैसा कि हम सभी जानते हैं सामान्य जागरूकता में भारत और विश्व के वर्तमान समाचार, भारत / विश्व का इतिहास/ भूगोल आदि शामिल होंगे- भा.रि.बैं. की भूमिका, भा.रि.बैं. के कानून और अधिनियम, भारतीय अर्थव्यवस्था और वित्तीय प्रणाली, बुनियादी बैंकिंग अवधारणाओं के प्रश्न भी इसमें शामिल होंगे.

कम्प्यूटर ज्ञान के परीक्षण में कम्प्यूटर का विकास, कम्प्यूटर भाषा, कम्प्यूटर प्रणाली में हार्डवेयर और सॉफ्टवेयर सेगमेंट नेटवर्किंग, साइबर सुरक्षा, इलेक्ट्रॉनिक बैंकिंग से संबंधित प्रश्न शामिल होंगे.

प्रत्येक खंड के लिए आवंटित समय का पालन किया जाना चाहिए और एक खंड से दूसरे में इंटरचेंज की अनुमति नहीं है. परीक्षण में नकारात्मक अंकन है. हर गलत उत्तर के लिए 0.25 अंक काटे जाएंगे.

भा.रि.बैं. अपनी भर्ती प्रक्रिया के माध्यम से सहायक प्रबंधक (राजभाषा) के रिक्त पदों को भी भरना चाहता है. इस पद के लिए पात्र होने के लिए उम्मीदवार के पास स्नातक स्तर पर अंग्रेजी कोर / वैकल्पिक / प्रमुख विषय के रूप में लेकर हिंदी/हिंदी अनुवाद में न्यूनतम द्वितीय श्रेणी की मास्टर डिग्री होनी चाहिए; या स्नातक डिग्री स्तर पर हिंदी कोर/वैकल्पिक/मुख्य विषय के रूप में लेकर अंग्रेजी में द्वितीय श्रेणी में मास्टर डिग्री; या स्नातक स्तर पर अंग्रेजी एवं हिंदी कोर/वैकल्पिक मुख्य विषय के रूप में लेकर संस्कृत या अर्थशास्त्र या वाणिज्य में द्वितीय श्रेणी में मास्टर डिग्री या दोनों अंग्रेजी और हिंदी / हिंदी अनुवाद में, मास्टर की डिग्री जिनमें से कम से कम एक में द्वितीय श्रेणी होनी चाहिए.

भर्ती प्रक्रिया में लिखित परीक्षा और साक्षात्कार शामिल होता है. लिखित परीक्षा में प्रश्न पत्र में वस्तुनिष्ठ प्रकार के प्रश्न होंगे, जिन्हें रीजनिंग, अंग्रेजी भाषा बैंकिंग, वाणिज्य, अर्थशास्त्र और संबंधित विषयों के संदर्भ में सामान्य जागरूकता और राजभाषा सहित व्यावसायिक ज्ञान के परीक्षण वाले चार भागों में विभाजित किया गया है. अंतिम खंड 40 मिनट के समय के साथ 45 अंकों का होगा. अन्य सभी तीन खंड 35 अंकों के होंगे और प्रश्नों का उत्तर क्रमशः 30, 30 और 20 मिनट में देना होगा. तो आपको सामान्य जागरूकता खंड का उत्तर देने में अपेक्षाकृत कम समय मिलेगा. पेपर-I ऑनलाइन आयोजित किया जाएगा. इसके बाद पेपर-II होगा, जिसे ऑफलाइन देना होगा. यह केवल राजभाषा के प्रश्नों वाला एक वर्णनात्मक पेपर होगा. पेपर II केवल उन उम्मीदवारों का जांचा जाएगा जिनकी मैरिट पेपर-I में तय की गई कट ऑफ के अनुसार है. आगे प्रक्रिया के लिए अंक प्राप्त करने के लिए पेपर-I और पेपर-II दोनों में प्राप्त अंकों को जोड़ा जाएगा. आपका उद्देश्य दोनों पेपरों में हर खंड में अपना स्कोर अधिकतम करने का होना चाहिए. चयन सूची पहले से वर्णित अंकों के साथ साक्षात्कार के अंक जोड़कर बनायी जाएगी.

राजभाषा के क्षेत्र में अच्छा करने के लिए, एक व्यापक तैयारी नीति की आवश्यकता होती है. प्रश्न पत्र में आप निम्नलिखित की आशा कर सकते हैं-

कॉम्प्रीहेंसन आधारित प्रश्न जिनमें उत्तर वाक्यों पर आधारित होने आवश्यक हैं.

शब्द का अर्थ, विलोम और समानार्थक शब्द

पैसेज अनुवाद- अंग्रेजी से हिंदी और इसके विपरीत

वाक्यों का हिंदी में और इसके विपरीत अनुवाद

मुहावरे और वाक्यांश

आधिकारिक कार्यों में हिंदी के उपयोग के लिए भाषा के संबंध में संवैधानिक प्रावधानों और राजभाषा नीति/अधिनियम/नियम / वार्षिक कार्यान्वयन कार्यक्रम पर प्रश्न.

राजभाषा विभाग, गृह मंत्रालय की वेबसाइट (rajbhasha.nic.in) ऊपर वर्णित अंतिम भाग के लिए सबसे उपयोगी संसाधन हो सकती है. भा.रि.बैं. शब्दावली देखने से भी मदद मिलेगी. परीक्षण से पहले एक तैयारी के रूप में आपको कुछ अनुवाद कार्य करना चाहिए और सुधार के क्षेत्रों को जानने के लिए किसी सक्षम व्यक्ति से इसकी समीक्षा करानी चाहिए. स्व-मूल्यांकन से भी मदद मिलेगी.

दोनों परीक्षाओं के लिए, निम्नलिखित संसाधनों का उपयोग किया जा सकता है-

**टेस्ट गाइड :** बैंक की लिखित परीक्षा के सभी खंडों को कवर करने वाली टेस्ट गाइड बाजार में उपलब्ध हैं. आप इनमें से कोई भी गाइड चुन सकते हैं. तर्क, संख्यात्मक क्षमता, कंप्यूटर ज्ञान आदि के लिए अलग पुस्तकें भी मिल सकती हैं. आप ऐसी पुस्तक चुनें जो स्पष्ट विवरण के साथ उत्तर की व्याख्या करती है.

**टेस्ट / अभ्यास पुस्तिकाएं :** इन पुस्तिकाओं में ऐसे अभ्यास होते हैं जिनका आप अभ्यास कर सकते हैं और अपने उत्तरों की तुलना कर सकते हैं/ अपने प्रदर्शन की जांच कर सकते हैं.

**प्रतियोगी पत्रिकाएं :** कुछ राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता पत्रिकाएं हैं जिनमें पहले की परीक्षाओं और नमूना प्रश्न पत्रों से प्रश्न होते हैं. इसके अलावा आपको सामान्य ज्ञान और वर्तमान घटनाओं से संबंधित मामले मिलेंगे. ऐसी किसी पत्रिका को सब्सक्राइब करना एक अच्छा विचार होगा.

**सामान्य ज्ञान की पुस्तक :** सामान्य ज्ञान या अध्ययन के लिए मॉड्यूल के बिना शायद ही कोई रोज़गार परीक्षा होती हो. इसके लिए अच्छी पुस्तक आपके पास होनी चाहिए. इसके साथ ही एक वार्षिक पुस्तक का अध्ययन करने से आपको किसी भी प्रतियोगी परीक्षा में उपयोग किए जाने वाले मूल्यवान इनपुट मिलेंगे.

**वेबसाइट :** आपको उस संगठन की वेबसाइट पर एक नज़र डालनी चाहिए जहां आप काम करना चाहते हैं. उदाहरण के लिए भारतीय रिज़र्व बैंक की वेबसाइट (rbi.org.in) देखने पर, आपको मौद्रिक नीति, कैश रिज़र्व अनुपात, वैधानिक लिक्विडिटी अनुपात और उस तरह की चीजों के बारे में जानकारी मिलेगी. विभिन्न अन्य साइटें हैं जो आपको प्रतियोगी परीक्षा, अभ्यास परीक्षण और तैयारी के लिए नमूना प्रश्न प्रदान कर सकती हैं. हर बार इन साइटों को देखने के बजाय, नोट्स लेना बेहतर होगा. आप सामान्य अध्ययन की तैयारी के लिए भी वेब संसाधनों का उपयोग कर सकते हैं. आप विभिन्न साइटों पर उपलब्ध मुफ्त मॉक टेस्ट से अभ्यास कर सकते हैं.

**सफलता के लिए सामान्य सुझाव :** उपरोक्त जैसी किसी भी प्रतियोगी परीक्षा में, रिक्तियों की तुलना में बहुत अधिक उम्मीदवार होते हैं. वास्तविक प्रतिस्पर्धा उतनी गहन नहीं होती है जितनी प्रतीत होती है. कुछ गैर-गंभीर उम्मीदवार होते हैं, जो आवेदन करते हैं, लेकिन निश्चित नहीं हैं, कि वे नौकरी में रुचि रखते हैं. उम्मीदवारों की एक अन्य श्रेणी में वे लोग शामिल होते हैं जिन्होंने आवेदन किया है, लेकिन कोई महत्वपूर्ण तैयारी नहीं की है और बस एक मौका ले रहे हैं, कि क्या वे सफल हो सकते हैं. शेष उम्मीदवारों में वे होते हैं जिन्होंने अपनी समझ के अनुसार पूरी तरह से तैयारी की है, और अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने के लिए प्रतिबद्ध हैं. जाहिर है कि ऐसे उम्मीदवारों के लिए सफलता की संभावना अधिक होगी.

जब आप परीक्षा पैटर्न से अवगत होते हैं, तो आपका अगला कदम योजनाबद्ध रूप से तैयारी करना होगा. इन परीक्षाओं में तीव्र गति से लेखन की एक महत्वपूर्ण भूमिका होती है. लेखक ने पिछली प्रतियोगी परीक्षाओं के कई ऐसे अभ्यर्थियों से सम्पर्क किया है, जो संभवतः अधिकांश प्रश्नों के सही उत्तर दे सकते थे, लेकिन 20 वें या 25 वें प्रश्नों से आगे नहीं बढ़ सके जबकि 35 प्रश्नों का प्रयास किया जाना था. आपके साथ ऐसा न हो. आपको हर प्रश्न को ध्यान से पढ़ना है लेकिन गति के साथ. यहां प्रत्येक क्षण महत्वपूर्ण होता है. उत्तर देने के लिए, आपका पहला दृष्टिकोण उत्तर का चयन होना चाहिए अर्थात दिए गए विकल्पों में से सही उत्तर खोजना. यदि कुछ मामलों में आप ऐसा करने में सक्षम नहीं हैं, आपको उन्मूलन द्वारा जाने की आवश्यकता है, अर्थात सही उत्तर पर जाने के लिए गलत उत्तर के प्रश्न छोड़ने होंगे. आप एक प्रश्न को छोड़कर दूसरे प्रश्न पर जाकर भी समय बचा सकते हैं. माइंडफुलनेस यहां बहुत मदद करेगा.

वस्तुनिष्ठ (आबजेक्टिव) खंड में प्रत्येक भाग को उत्तीर्ण करने के लिए न्यूनतम स्कोर की आवश्यकता होती है.

इसके अलावा, आपको स्पष्ट होना चाहिए कि प्रश्न का कौन सा भाग उत्तर से संबंधित हो सकता है, विशेष रूप से जहां प्रश्न लंबे हों.

चूंकि हम सभी ने एचएससी स्तर तक गणित का अध्ययन किया है, इसलिए इस भाग में अधिक समस्या नहीं होनी चाहिए. इसका मतलब यह नहीं है कि आपको इसे आसानी से लेना चाहिए. सूत्र बोडमास कदम जानने, आदि से मदद मिलेगी. तर्कपूर्ण प्रश्नों को हल करने में, आपको प्रणालीबद्ध सोच के अनुसार आगे बढ़ाना चाहिए, अनावश्यक धारणा के बिना प्रश्न के ढांचे के भीतर लिंक और उत्तर ढूंढना चाहिए.

**महत्वपूर्ण :** नेशनल बैंक फॉर एग्रीकल्चर एंड रूरल डेवलपमेंट (नाबार्ड वेबसाइट : nabard.org.in) भी सहायक प्रबंधक (ग्रामीण विकास और बैंकिंग सेवा) और सहायक प्रबंधक (राजभाषा सेवा) के लिए रिक्तियां प्रकाशित कर रहा है, पात्र उम्मीदवारों द्वारा उपरोक्त लाइनों पर इसकी तैयारी भी की जा सकती है.

**(लेखिका कॅरिअर सलाहकार हैं- ई-मेल: artmumb98 @gmail.com)**

**व्यक्त विचार व्यक्तिगत हैं.**

**(चित्र: गूगल के सौजन्य से)**